हीरो एंटरप्राइज़ के माइंडमाइन समिट का 11वां संस्करण 20 व 21 अप्रैल को

नयी दिल्ली। हीरो एंटरप्राइजेज़ द्वारा स्थापित एक स्वतंत्र थिंक टैंक माइंडमाइन इंस्टीट्यूट ने वर्श 2017 के लिए थॉट लीडरशिप कार्यक्रम की शुरुआत की है। एक प्रेरक माइंडमाइन परिचर्चा सत्र का आयोजन 31 मार्च को वित्तीय राजधानी में ताज लैंड्स में किया गया क्योंकि इस संस्थान का दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम माइंडमाइन समिट राजधानी में 20 और 21 अप्रैल को आयोजित किया जाना है। हीरो समूह के इस वार्षिक आयोजन माइंडमाइन समिट के 11वें संस्करण में सरकार में वरिष्ठ मंत्री, उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से विचारक अपने विचारों का आदान प्रदान करेंगे। इस समिट के 11वें संस्करण की घोषणा करते हुए हीरो एंटरप्राइज़ के चेयरमैन और हीरो कॉरपोरेट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन श्री सुनील कांत मुंजाल ने कहा, मुझे माइंडमाइन समिट के 11वें संस्करण की घोषणा करते हुए अत्यधिक संतुष्टि मिल रही है।